दैनिक जागरण
Bareilly, Monday, 14 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

inext

PAGE NO. 4: MIDDLE

# SRMS मेडिकल कॉलेज में डेढ़ दर्जन मरीजों के फ्री ऑपरेशन, मिली राहत

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (13 Sep): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कोलोप्रोक्टोलॉजी कॉन्फ्रेंस एवं ट्रेनिंग वर्कशॉप का रविवार को समापन हुआ. वर्कशॉप में रेक्टल प्रोलैप्स, ग्रेड-3 बवासीर, पेरिअनल एब्सेस, एनल फिशर, एनल फिस्टुला और पाइलोनाइडल साइनस जैसी समस्याओं से पीड़ित डेढ़ दर्जन से अधिक मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन किए गए.




वर्कशॉप में शामिल हुए एक्सपर्ट.

## दिखाया गया लाइव

ऑपरेशन थिएटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आधुनिक तकनीकों से सर्जरी की, जिसका लाइव टेलीकास्ट ऑडिटोरियम में मौजूद चिकित्सकों और पीजी विद्यार्थियों को दिखाया गया. इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ कोलोप्रोक्टोलॉजी के पूर्व प्रेसिडेंट डा. प्रशांत रहाटे ने रेक्टल प्रोलैप्स के मरीज का चिवेट्स सैक्रोरेक्टोपेक्सी विद पैरानियारैफी विधि से ऑपरेशन किया. डा. दिनेश शाह ने ग्रेड-3 बवासीर के मरीज की चिवेट्स हेमोरायडोपेक्सी विधि से सर्जरी की.

## दी गई तकनीकी जानकारी

एनल फिस्टुला के मरीजों के ऑपरेशन डा. अंशुल शाह, डा. प्रशांत रहाटे, डा. नीरज गोयल और डा. अंकुर बंसल ने अलग-अलग आधुनिक तकनीकों से किए. डा. एसके निगम ने एनल फिशर, डा. कल्याण कर ने ग्रेड-2 बवासीर, डा. जितेन चौधरी ने पाइलोनाइडल साइनस और डा. मधुकर पाई ने फिस्टुला व इंटरनल एब्सेस के मरीज का ऑपरेशन किया. डा. मधुबाला ने ग्रेड-3 बवासीर की मरीज की एमआईपीएस विधि से सर्जरी की. डा. हरीश गौड़ा ने फिशर के साथ कॉम्प्लेक्स फिस्टुला और पेरिअनल पोस्टेरियर वाल की समस्या से पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन किया वर्कशॉप के चेयरमैन एवं जनरल, लेप्रोस्कोपिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. एसके सागर रहे. कार्यक्रम में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, एएसआई बरेली चैप्टर अध्यक्ष डा. कौशल कुमार, सचिव डा. सुजॉय मुखर्जी, डा. अमित सिंह रहे.